भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1663** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **16 दिसम्बर**, 2022/25 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाना है

अझिक्कल पत्तन की वर्तमान स्थिति

†1663. श्री के. सुधाकरन :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केरल में कन्नूर जिले के अझिक्कल पत्तन के विकास की वर्तमान स्थिति पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में किए गए अवसंरचना विकास का ब्यौरा क्या है जिसमें कोस्टल बर्थ, ड्रेजिंग और अझिक्कल पत्तन पर ब्रेक-वाटर का निर्माण शामिल है; और

(ग) क्या सरकार का इस क्षेत्र से अंतर्राष्ट्रीय कार्गो के आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीमा शुल्क क्लियरेंस कार्यालय प्रतिष्ठान खोलने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): केरल सरकार, अझिक्कल में एक ग्रीन फील्ड पत्तन का विकास कर रही है और इस संबंध में, परियोजना के कार्यान्वयन के लिए केरल सरकार द्वारा एसपीवी 'मालाबार अंतर्राष्ट्रीय पत्तन और एसईजेड लिमिटेड (एमआईएसपीएल)' (पूर्व में अझिक्कल पत्तन लिमिटेड) का गठन किया गया है। एमआईपीएसएल ने केरल सरकार को परियोजना के लिए डीपीआर का मसौदा प्रस्तुत किया है। केरल सरकार ने परियोजना के लिए अंतिम संरचना एवं निधि व्यवस्था के संबंध में निर्णय लेने के लिए एक समिति का गठन किया है। पत्तन में 3.5 मीटर से 4 मीटर तक डुबाव वाले नौवहन चैनल सहित नौचालन के लिए 226 मीटर व्हार्फ की सुविधा मौजूद है। अझिक्कल पत्तन में अझिक्कल की दिशा से 1005 मीटर लंबाई तथा मत्तुल की दिशा से 840 मीटर लंबाई वाला ब्रेक वाटर है। अझिक्कल पत्तन में, ड्रेजिंग के प्रयोजन हेतु सीएसडी चंद्रगिरि ड्रेजर मौजूद है। इसके अलावा, केरल सरकार द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार सीमा-शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज (ईडीआई) की सुविधा संबंधी कार्य पूरा हो चुका है।

*****